ROU-02

2016

हिंदी संरचना

(द्वितीय प्रश्नपत्र)

Hindi Composition

(Second Paper)

निर्धारित समय : 3 **घंटे**] [**पूर्णांक** : *100*

Time allowed : 3 Hours] *[Maximum Marks : 100*

नोट : 1. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके अंत में दिए गए हैं ।

3. पत्रलेखन में **अपना नाम, पता तथा अनुक्रमांक** न लिखें । यदि अनिवार्य हो तो क, ख, ग या क्ष, य, ज्ञ (x y z) लिख सकते हैं ।

1. **अपठित गद्यांश**

इसमें कोई शक नहीं कि हर इंसान के दिमाग में सृजनशीलता के बीज मौजूद होते हैं, किन्तु उन्हें अंकुरित और अभिव्यक्त करने के लिए मन से प्रयास करना पड़ता है । हर एक इंसान सृजनशील है, हर मन में जिज्ञासा होती है और हमें चाहिए कि जब कोई बच्चा प्रश्न करे, तो हम उसकी जिज्ञासा को जरूर शांत करें । शिक्षकों और माता-पिता की यह बुनियादी ज़िम्मेदारी है । यदि बचपन में ही ऐसा किया जाए, तो सृजनशीलता पोषित होगी और बच्चों का बौद्धिक विकास होगा । सृजनशीलता मानव-चिंतन का आधार है । चाहे कितनी भी गति और स्मृति वाले कम्प्यूटर विकसित हो जाएँ, मानव-चिंतन का स्थान हमेशा ऊपर रहेगा । सृजनशीलता जैसा गुण इंसान में सदा मौजूद रहेगा और प्रौद्योगिकी से प्राप्त होने वाली व्यापक गणन क्षमता जैसा मज़बूत हथियार इंसान के पास होगा । उसका उपयोग वह इस दुनिया को और खूबसूरत बनाने की अपनी योजना को साकार करने में करेगा ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **04**

(ख) गद्यांश का सारांश लिखिए, जो मूल गद्यांश का लगभग एक तिहाई हो । **10**

(ग) रेखांकित पंक्तियों की व्याख्या कीजिए । **06**

2. निम्नलिखित सरकारी पत्र का सारणीरूप (Tabular Form) में सारलेखन कीजिए । **15**

https://www.freshersnow.com/syllabus/

3. (क) मुख्य सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्यों के मुख्य अधिकारियों के नाम एक शासकीय-पत्र भेजा गया था, जिसमें सूखाग्रस्त क्षेत्रों की समस्याओं से निबटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए थे । इसका उल्लेख करते हुए संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से एक अर्धशासकीय-पत्र उन सूखाग्रस्त क्षेत्रों के जिलाधिकारियों को लिखिए, जिसमें उनके द्वारा एतद्विषयक कृत कार्यों की जानकारी चाही गई हो । **15**

(ख) कार्यालय आदेश किसे कहते हैं ? कार्यालय आदेश का एक प्रारूप तैयार कीजिए । **15**

(ग) उपसचिव, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'सेवा-निवृत्ति की आयु में परिवर्तन' के विषय में नियंत्रक व महालेखा-परीक्षक, नई दिल्ली को लिखे गए पत्र पर अनुभाग अधिकारी द्वारा लिखी गई टिप्पणी लिखिए । **15**

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** शब्दों का हिंदी में रूपांतरण कीजिए : **10**

(i)	Surplus	(ii)	Payee
(iii)	Prerogative	(iv)	Workload
(v)	Agency	(vi)	Term
(vii)	Valid	(viii)	Rehearsal
(ix)	Convener	(x)	Directory
(xi)	Faculty	(xii)	Unparliamentary

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** शब्दों का अंग्रेजी में रूपांतरण कीजिए : **10**

(i)	स्थगन	(ii)	संपरीक्षा
(iii)	प्रतिदर्श	(iv)	संहिता
(v)	विधेयक	(vi)	सर्वेक्षण
(vii)	शब्दशः	(viii)	न्यास
(ix)	निविदा	(x)	अद्यतन
(xi)	प्रत्याहरण	(xii)	सचेतक

https://www.freshersnow.com/syllabus/